GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

ISSN No 2277 - 8160

Listed & Indexed with

ISSN Directory, Paris



Multi-Subject Journal

Volume : 1 | Issue : 2 | July 2012 | ₹ 250/-

GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

ISSN No 2277 - 8160

GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

Editor In-Chief :

Dr. Khansa Memon
SARA Publishing Academy

Dr. Ashok S. Pawar Associate Professor, Dept. of Economic Dr. Babaasaheb Ambedkar Marathwada.University, Aurngabad.(MS-India)-431004	**Dr.(Prof) Vijay Kumar Soni** Principal, Jai Meenesh College, Phagi, Jaipur, Rajasthan	**Dr. A.R. Saravankumar** Assistant Professor in Education DDE, Alagappa University, Tamilnadu
Dr. R. Ramachandran Commerce DDE Annamalai University Tamilna	**Dr. R Ganpathy** Assistant Professor in Commerce Directorate of Distance Education Alagappa University Karaikudi.	**Dr. Amit Bandyopadhyay** Assistant Professor Department of Physiology University of Calcutta
Dr. V. Kumaravel Professor and Head Vivekanandha Business School for Women Tiruchengode, Namakkal Dist	**Dr. K. Prabhakar** Professor, Department of Management Studies, Velammal Engineering College, Chennai - 600 066.	**Dr. Sunita J. Rathod** Maharashtra Education Service Group-B DIET Dist. Jalna

SUBSCRIPTION DETAILS

Period	Rate	Discount	Amount Payable
One Year (12 issues)	3000/-	Nil	3000/-
Two Years (24 issues)	6000/-	200/-	5800/-
Three Years (36 issues)	9000/-	300/-	8700/-
Five Years (60 issues)	15000/-	600/-	14400/-

You can download the Subscription form from website www.theglobaljournals.com. You will require to print the form. Please fill the form completely and send it to the Editor, GLOBAL RESEARCH ANALYSIS along with the payment in the form of Demand Draft/Cheque at Par drawn in favour of GLOBAL RESEARCH ANALYSIS payable at Ahmedabad.

- Thoughts, language, vision and examples in published research paper are entirely of author of research paper. It is not necessary that both the editor, and editorial board agrees with the author. The responsibility of the matter of research paper/article is entirely of author.
- Editing of the Global Research Analysis is processed without any remittance. The selection and publication is done after recommendations of atleast two subject expert referees.
- In any condition if any National/International University denies accepting the research paper published in GRA, then it is not the responsibility of Editor, Publisher and Management
- Only the first author is entitle to receive the copies of all co-authors
- Before re-use of published paper in any manner, it is compulsory to take written permission from the Editor-GRA unless it will be assumed as disobedience of copyright rules
- All the legal undertaking related to Global Research Analysis is subject to Ahmedabad Jurisdiction.
- The research journal will be send by normal post. If the journal is not received by the author of research paper then it will not be the responsibility of the Editor and publisher. The amount for registered post should be borne by author of the research paper in case of second copy of the journal.

Editor,
GLOBAL RESEARCH ANALYSIS
3, SUHANA, Near. Ruby Apartment, B/h NID, Rajnagar Road, Paldi Ahmedabad – 380007. Gujarat (INDIA)
Cell : +91 98247 02127, 8866 00 3636

INDEX

Sr. No.	Title	Author	Subject	Page No.
1	Application of One Way ANOVA and Tukey's HSD Post Hoc test to Ecological Data	T B Mruthunjay, Dr. Shankar P Hosmani	Biotechnology	1-3
2	"New Area and Management Through Value Based"	Dr. Pankaj. K. Trivedi	Commerce	4-5
3	E-Supply Chain Strategies	Dr. Vipul Chalotra	Commerce	6-7
4	Socio-economic and Cultural factors in health, health services and prevention: An over view	Jaibarath Mageshkar	Economics	8-9
5	A Discriminant Analysis on Demographic Factors and Satisfaction Level of Credit Card Users in Coimbatore City	Dr.Malarvizhi.V	Economics	10-12
6	Effects of Socio-Cultural Determinants on Fertility	Prof. Dr. K.J. Thankachan	Economics	13-15
7	"Need of Effective Communication Model in Teaching Learning Process"	Dr. Mujibul Hasan	Education	16-18
8	Awarness on Special Education for B.Ed Students	Dr. S. K. Panneer Selvam	Education	19-20
9	Quality Improvement in Elementary Teacher Education	Ramesh B. Sakhiya	Education	21-22
10	Mobile operating system: A Case study on Symbian and Android	Vidyasagar S.D.	Engineering	23-25
11	IIR Filter Design to remove noise from ECG signal	Aarti J Patel	Engineering	26-28
12	Assessment of Godavari River Water For Sustainable Utilization.	I. B. Ghorade, S. S. Patil, M.D. Wagh	Environment Science	29-32
13	Shiksha, Saksharta aur Media	Dr Subodh Kumar	Journalism	33-34
14	Television Viewing Behaviour of Rural Women	Dr. H.Ramakrishna	Journalism	35-36
15	Female Foeticide and PNDT Act: Issues and Challenges	Dr. Anu, Dr. Pawan Kumar	Law	37-38
16	Product Invasion from foreign Competitors Whether Indian Product will win this Competition?	Dr. Ashish Singh	Management	39-40
17	"Role of State Wise Employment Exchanges on Condition That Employment In India."	Mr. Vimal P. Jagad	Management	41-43
18	A Study for The Growth of Micro, Small, Medium Service Enterprises Thorugh Tourism Development	Prof. Nikita Gupta, Prof. Parag Gadve, Prof. Farha Hussain	Management	44-45
19	To Study The Need of Capacity Building for Rural Tourism	Prof. Parag Gadve, Prof. Nikita Gupta, Prof. Farha Hussain	Management	46-47
20	CRM and Information Technology	Prof KVSN Jawahar Babu	Management	48-49
21	Strategies for Seizing Rural Markets- A Checklist for Fmcg Firms	Prof KVSN Jawahar Babu, N Meena Rani	Management	50-52
22	Implementation of Adaptive Controller based on FPGA for Flow System	Ankit V Bhaiya, Prof. Vandana V. Patel	Management	53-55
23	"A Study of Evaluation of Operating Performance of Selected Mutual Fund in Global Era"	Mital R Menapara, Bhavesh P Chadamiya	Management	56-57
24	"Remarks on the Measurement, Valuation and Reporting of Intangible Assets"	Dinesh C. Dhoniya	Management	58-59

Sr. No.	Title	Author	Subject	Page No.
25	Corporate Social Responsibility: Micro and Macro level	Parul Jain	Management	60-61
26	Role of Management Schools in Transformation of Rural India	Dr. H.Ramakrishna	Management	62-64
27	A Study on Customer Experience in Modern Retail Stores with Reference to Big Bazaar, Hyderabad	N Meena Rani	Management	65-67
28	Impact of Satellite Television on Adolescent Girls of Silchar Town in Southern Assam	Dr Partha Sarkar	Mass Communication	68-70
29	Quality Assurance Procedure for Computerised Tomography Scanners(Test Followed In India)	Suresh Sukumar, Sushil Yadav	Medical Science	71-74
30	Magnetic Resonance Imaging of Routine shoulder protocols	Suresh Sukumar, Sushil Yadav	Medical Science	75-76
31	A Simple Teaching Module for Brain Sections: Integration of Traditional Teaching Methods and Modern Computer Technology.	Dr. Archana U. Shekokar, Vandana A. Tendolkar	Medical Science	77-78
32	Effects of Mand Training on Negative Behaviours and Verbal Behaviour Development: A Case Study	Prasanna V, Sunila John, B Rajashekhar	Medical science	79-81
33	Effectiveness of Videotaped/Photographs in Teaching Handling Techniques for Caregivers of Children with Spastic Cerebral Palsy	V.Guruprasad, KR.Banumathe, T. BalaKrishnan	Medical Science	82-84
34	Comparision of Thresholds of Single Frequeny and Muti Frequency Auditory Steady State Responses in Normal Hearing Adults	Sadanand Gore, Hari Prakash P	Medical Science	85-87
35	Clinical applications of Speech Evoked Cortical Auditory Potentials (SECAPs) in Pediatric Hearing assessment & Aural habilitation- A case report	Ayas Muhammed, Archana, Kishan, Hariprakash, Prajakta Prabhu	Medical science	88-89
36	Rudimentary horn pregnancy: A Case Report	Dr Ashwini Avinash Yelikar , Dr Vidya Vijender Ambatkar, Dr Kishore Hol, Dr G S Shekhawat	Medicine Science	90-91
37	A rare case: Typhoid fever with ARDS	Dr. Ramakrishna Ghubde, Dr. Archana Shekokar	Medicine Science	92-93
38	Motivation, Well-Being & Adjustment of Economic Downturn Survivors: An Empirical Study in a Manufacturing Industry	Vijaya.R, Dr.M.Y.Manjulat	Psychology	94-96
39	Diversity of cladocerans, copepods and ostracods of Kapsi Lake Kapsi, Akola (MS) India	P. P. Ade	Zoology	97-100
40	Study of macromolecular contents of different tissues of Channa punctatus under stress condition	Pooja S. Thakur	Zoology	101-102
41	Spider diversity of Katepurna Sanctuary District Akola (MS) India	Shegokar M.M.	Zoology	103-106

Volume : 1 | Issue : 2 | July 2012 • ISSN No 2277 - 8160

Research Paper | Journalism

शिक्षा, साक्षरता और मीडिया
Shiksha, Saksharta aur Media

Dr Subodh Kumar Assistant Professor & Co-Ordinator, Department, Haldwani (Nainital)

ABSTRACT

मीडिया का शिक्षा और साक्षरता के साथ सहजीवी रिश्ता है। मीडिया एक ऐसे समाज में जहां साक्षरता दर कम है, वहां साक्षरता और शिक्षा की दर को बढ़ावा देने में सक्रिय और कामयाब भूमिका निभाता है तो दूसरी तरफ वह ऐसा करके अपने लिए नया लक्षित समूह भी तैयार करता है। जिसमें पाठक, श्रोता और दर्शक तीनों होते हैं। साक्षरता को बढ़ावा देने में अपने खास चरित्र और बुनावट के जरिए प्रिंट माध्यम ही सक्रिय भूमिका निभा सकता है। अपनी खास बुनावट के कारण रेडियो और टेलीविजन साक्षरता को बढ़ावा देने में सिर्फ सहयोगी भूमिका ही निभा सकते हैं। लेकिन तीनों का समन्वित प्रयास ऐसे लक्षित समूह का निर्माण करता है, जो शिक्षित और जागरूक हो। शिक्षा और जागरूकता का असर समाज, राजनीति और अर्थनीति को लेकर जनमत बनाने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भारत में अभी शत–प्रतिशत साक्षरता दर को हासिल किया जाना बाकी है। लिहाजा यहां के मीडिया को कई स्तरों पर काम करना है। एक तरफ उसे साक्षरता के विकास की गति को तेज करने में भूमिका निभानी है तो दूसरी तरफ साक्षर और शिक्षित हो रहे या हो चुके लक्षित समूह की मानसिक भूख को पूरा करने की तैयारी भी करनी है। जाहिर है कि भारतीय भाषाई मीडिया के सामने चुनौती है। क्योंकि शत–प्रतिशत साक्षरता दर भाषाई समूहों में स्थानीय भाषाओं के जरिए ही हासिल होनी है।

KEYWORDS: साक्षरता, मीडिया साक्षरता, शैक्षिक पत्रकारिता, कॅरियर पत्रकारिता, कैंपस रिपोर्टिंग।

1.1 प्रस्तावना

मीडिया अपने सभी रूपों में समाज के लिए उत्तरदायी है। लेकिन मीडिया की महत्ता और उपादेयता उसके रूपों और उसके लक्षित समूह के आधार पर तय होती है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जिसमें मुख्यतः रेडियो और टेलीविजन आते हैं, ऐसे लक्षित समूह तक संदेश और सूचनाएं पहुंचा सकता है, जो साक्षर नहीं हैं। लेकिन प्रिंट और इंटरनेट माध्यम के जरिए संदेशों और सूचनाओं को उन्हीं लक्षित समूहों तक पहुंचाया जा सकता है, जो साक्षर हों। इन अर्थों में जब हम शिक्षा और साक्षरता के संदर्भों में मीडिया की चर्चा करते हैं तो इसका महत्व और उद्देश्य व्यापक होता है। लेकिन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट तीनों ही माध्यमों की अपनी–अपनी सीमाएं हैं और निश्चित तौर पर अपना लक्षित समूह भी। इन संदर्भों में शिक्षा और साक्षरता के संदर्भ में मीडिया की भूमिका अलग–अलग हो जाती है। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम साक्षरता को बढ़ावा देने में सिर्फ सहयोगी की भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन प्रिंट और इंटरनेट माध्यम अपने अक्षर आधारित दुनिया की वजह से साक्षरता को बढ़ावा देने में भी भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन जहां तक शिक्षा देने की बात है तो तीनों माध्यमों की भूमिका एक समान है। वैसे भारत में चौबीस करोड़ बच्चे या युवा स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे हैं। ये बच्चे और नौजवान शैक्षिक पत्रकारिता के बड़े लक्षित समूह हो सकते हैं। भारत का शैक्षिक परिदृश्य बेहद व्यापक है। भारतीय शिक्षा में जितनी विविधता है, उतनी ही दिक्कतें भी हैं। जाहिर है कि यह एक चुनौतीपूर्ण मसला भी है।

1.2 भारत में शिक्षा और साक्षरता की स्थिति

भारत में साक्षरता के तमाम दावों के बावजूद 26 करोड़ 80 लाख निरक्षर लोग हैं, जो दुनिया कुल निरक्षर जनसंख्या का करीब एक तिहाई है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम साक्षर किसे कहते हैं। भारत में 1911 की जनगणना के वक्त साक्षरता की जो परिभाषा दी गई, उसके मुताबिक जो एक पत्र पढ़–लिखकर उसका उत्तर दे देने की योग्यता रखता हो, उसे साक्षर कहा जा सकता है। इसी परिभाषा के आधार पर अब तक साक्षरता को आंका परखा जा रहा है। विद्यालय जाने वाली चार लड़कियों में से सिर्फ एक ही दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी कर पाती हैं। बाकी तीन बीच में ही पढाई छोड़ देती हैं। भारत में महिलायें औसतन 1.8 वर्ष की विद्यालयीन शिक्षा पातीं हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत शिक्षा पर अपने सकल घरेलू उत्पाद (डीजीपी) उत्पाद का केवल 3.3 प्रतिशत ही खर्च करता है, जबकि विकसित देश इसकी तुलना में कहीं ज्यादा 5.8 प्रतिशत खर्च करते हैं। भारतीय शिक्षा व्यवस्था की एक खामी यह भी है कि अधिकतर राज्यों में शिक्षा के कुल बजट का 95 प्रतिशत शिक्षकों के वेतन पर ही खर्च हो जाता है, जबकि अन्य कामों के लिए बजट का महज एक फीसदी हिस्सा ही बाकी बचता है।

सरकारी स्कूलों में 25 प्रतिशत शिक्षक हमेशा कक्षा से अनुपस्थित रहते हैं। भारत में कक्षाओं की संरचना ऐसे की गई है, ताकि हर छात्र पर अध्यापक का पूरा ध्यान रहे। इसके लिए कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या 40 रखी गई है। लेकिन बिहार समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में औसतन एक कक्षा में 83 छात्र/छात्राएं हैं। हालांकि शिक्षा के अधिकार का कानून लागू होने के बाद देश में अध्यापकों की भर्ती में तेजी आई है। लेकिन इसके पहले तक 75 प्रतिशत विद्यालयों में कई कक्षाओं के लिए सिर्फ एक ही शिक्षक होता था। सन् 2004 में स्कूल में भर्ती होने वाले 3 करोड़ 20 लाख बच्चों में से आधे भी 8 साल तक विद्यालय नहीं गए। एक आंकड़े के मुताबिक इन दिनों देश में 1 करोड़ 30 लाख बाल श्रमिक हैं।

वैसे यूनेस्को ने 1965 में ईरान की राजधानी तेहरान में निरक्षरता उन्मूलन के लिए पूरी दुनिया के शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया था। इस सम्मेलन में तय किया गया कि साक्षरता ऐसी हो, जो मनुष्य सामाजिक, नागरिक व आर्थिक भूमिका निभाने लायक बना सके, सिर्फ पढना–लिखना सिखाना नहीं। इसके बाद (1964–66) भारत ने शिक्षा आयोग का गठन किया, जिसके अध्यक्ष डॉ. डी.एस. कोठारी बनाए गए। कोठारी आयोग ने यूनेस्को की तर्ज के मुताबिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट में औपचारिक शिक्षा अवसरों के माध्यम से अपना कौशल व शिक्षा बढ़ाने पर जोर देने लायक शिक्षा पर जोर दिया। आयोग ने विज्ञान को शिक्षा व संस्कृति की बुनियाद का अहम हिस्सा बनाने की भी सिफारिश की। जिनमें से ज्यादातर सिफारिशों को मान लिया और 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वजूद में आई। हालांकि 1968 की नीति को तमाम कारणों से कार्यान्वित नहीं किया जा सका। बाद में राजीव सरकार ने 1986 में नई शिक्षा नीति शुरू की। पहले जहां पंजीकरण पर ही केवल जोर था, वह अब पंजीकरण के साथ–साथ छात्रों को स्कूलों में बनाए रखने पर भी हो गया।

इसके साथ ही सामाजिक व प्रौद्योगिक मिशन के तौर पर राष्ट्रीय साक्षरता अभियान 5 मई 1988 को शुरू किया गया। जिसका उद्देश्य 1995 तक आठ करोड़ निरक्षर प्रौढ़ों को कारगर साक्षरता प्रदान करना। फिर भी लक्ष्यों को हासिल नहीं किया जा सका। लिहाजा 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान की शुरूआत की। इसका मसौदा अक्टूबर 1998 में राज्यों के शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की सिफारिश पर बनाया गया। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के बीच 85 और 15 की भागीदारी के आधार पर थी, दसवीं योजना के दौरान 75 और 25 और इसके बाद 50 और 50 के आधार पर थी। इस कार्यक्रम में समूचे देश को शामिल किया गया है। जिसमें 12.3 लाख बस्तियों में 19.4 करोड़ बच्चों की जरूरतों को जोड़ा गया है। इसमें देश के सभी करीब 8.5 लाख प्राथमिक और अपर प्राथमिक स्कूल तथा करीब 33 लाख अध्यापकों को शामिल किया गया। भारत में शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए 2005 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम पुनश्चर्या कार्यक्रम तैयार किया। जिसके तहत पूरे देश में नौवीं से लेकर बारहवीं तक की कक्षाओं में विज्ञान, गणित, भारतीय भाषाएं, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई के साथ ही कला, नृत्य, थियेटर और संगीत का शिक्षा में जोर देने और अपने आसपास की परिस्थिति से सीखने पर जोर दिया गया। ये तो हुई प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की बात। भारत में उच्च शिक्षा की हालत भी बहुत बेहतर नहीं है। देशभर में 455 विश्वविद्यालय हैं, जिनमें 128 डीम्ड विश्वविद्यालय हैं। छह आईआईटी समेत मेडिकल और तमाम तरह की शिक्षा देने वाले 45,000 कॉलेज हैं। तकनीकी शिक्षा पर नियंत्रण के लिए जहां अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद है, वहीं विश्वविद्यालयों पर लगाम लगाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग है। मेडिकल शिक्षा पर नियंत्रण भारतीय चिकित्सा परिषद करती है। आईआईएम जैसे उत्कृष्ट संस्थान

भी हैं। भारत में 16 केंद्रीय विष्वविद्यालय हैं, जिन पर केंद्र सरकार का नियंत्रण है। इसके अलावा कई प्रदेशों में निजी विष्वविद्यालय भी हैं। सबकी अपनी समस्या हैं और अपने फायदे भी। जाहिर है कि भारत का शैक्षिक परिदृश्य बेहद व्यापक है।

1.3 प्रिंट मीडिया में शैक्षिक मुद्दे

मीडिया में शिक्षा की कवरेज के मूलतः दो रूप हैं। एक सिर्फ शैक्षिक विषयों और गतिविधियों की सूचनाएं देना और इसके जरिए नौजवान वर्ग को भविष्य के लिए तैयार करना। दूसरा रूप है शैक्षिक संस्थानों की सूचनाएं, गतिविधियां और वहां चल रही उठा–पटक और अच्छी–बुरी हलचलों की खबरें देना। हिंदी का शायद ही कोई अखबार हो, जहां अब शिक्षा बीट पर काम करने वाले पत्रकार अलग से नहीं रखे जाते। मीडिया में शिक्षा का सही मायने में यह पहला रूप है। जबकि दूसरे रूप में मीडिया तैयारियों, प्रतियोगिता परीक्षाओं, विष्वविद्यालयों और बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियों, मानसिक चुनौतियों, नौकरियों की सूचनाएं, उसके लिए तैयारी कराने वाले संस्थानों की सूचनाएं और विश्लेषण देता है। दैनिक हिंदुस्तान का सप्लीमेंट नई दिशाएं, अमर उजाला का उड़ान, दैनिक जागरण का जोश आदि ऐसे ही सप्लीमेंट हैं।

वहीं दैनिक ट्रिब्यून जैसा अखबार हर बुधवार को अलग से शिक्षालोक नाम से पृष्ठ ही प्रकाशित करता है। इन सप्लीमेंट और पृष्ठों में युवाओं के लिए जरूरी शैक्षिक और प्रतियोगितात्मक सूचनाएं दी जाती हैं। प्रतियोगिता की तैयारी की श्रेणी में आगरा से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका प्रतियोगिता दर्पण अव्वल बनी हुई है। उसी प्रकाशन का सामान्य ज्ञान दर्पण भी इसी श्रेणी की पत्रिका है। प्रतियोगिता किरण, सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल, दैनिक भास्कर समूह का लक्ष्य, अमर उजाला समूह की सफलता और आउटलुक समूह का कॅरियर 360 डिग्री जैसी पत्रिकाएं इसी श्रेणी की दूसरी पत्रिकाएं हैं। चूंकि इनमें कॅरियर से जुड़ी तैयारियों और सूचनाओं की भरमार के साथ ही जरूरी सलाह और दिशा–निर्देशन होता है, इसलिए इन्हें कॅरियर पत्रिकाएं भी कहा जाता है।

1.4 शैक्षिक पत्रकारिता के रूप

मीडिया में दो तरह से शैक्षिक गतिविधियों और कैरियर को कवर किया जाता है। एक तो दैनिक या साप्ताहिक आधार पर शैक्षिक संस्थानों, विष्वविद्यालयों, शिक्षा विभाग, शिक्षा बोर्ड की रिपोर्टिंग करता है। इसकी जिम्मेदारी आमतौर पर सिटी रिपोर्टिंग टीम के किसी सदस्य के हाथ होती है। दिल्ली जैसे शहरों में चूंकि कई विष्वविद्यालय, दूसरे शैक्षिक संस्थान और विभाग हैं। लिहाजा शैक्षिक बीट पर कई रिपोर्टर होते हैं और उनकी जिम्मेदारियां बंटी होती है। इसी तरह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, जिसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय कहा जाता है, उसकी गतिविधियों, उठापटक, राजनीतिक फैसलों, नीतिगत बदलावों आदि की रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी राजनीतिक ब्यूरो के वरिष्ठ संवाददाता या विशेष संवाददाता या प्रमुख संवाददाता के पास होती है। कॅरियर सप्लीमेंट के लिए सामग्री चयन की जिम्मेदारी अलग से फीचर विभाग के ऐसे उपसंपादक को दी जाती है, जिसकी अभिरूचि तैयारी और कॅरियर से जुड़े मुद्दे और सूचनाओं के प्रकाशन में हो। कॅरियर पत्रिकाओं में तो रिपोर्टिंग बहुत कम और डेस्क का काम ज्यादा होता है। आमतौर पर कॅरियर सप्लीमेंट या पत्रिकाओं के लिए हिंदी में अब भी ज्यादातर सामग्री फ्रीलांसर ही मुहैया कराते हैं। इस काम के लिए उन्हें ज्यादा तरजीह दी जाती है, जिन्होंने कभी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में हिस्सा लिया हो। कभी–कभी किसी विशेषज्ञ से भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विशेष आलेख लिखवा लिए जाते हैं।

1.5 शिक्षा की स्थिति और मीडिया

मीडिया का आमतौर पर लक्षित समूह के लिए तीन काम माना जाता है, सूचना देना, मनोरंजन करना और शिक्षित करना। सूचनाएं देकर और शिक्षित करके मीडिया जनमत के निर्माण में भी भूमिका निभाता है। 2001 की जनगणना के मुताबिक 65 फीसदी आबादी ही शिक्षित थी। लेकिन 2011 की जनगणना के मुताबिक 74 फीसदी जनसंख्या साक्षर हो चुकी है। करीब 82 फीसदी पुरूष इन दिनों साक्षर हैं, जबकि 65 फीसदी महिलाओं को ही अक्षर ज्ञान है। देश में सकल साक्षरता की दर हासिल करने के लिए कम से कम 16 फीसदी का आंकड़ा और हासिल किया जाना है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मानकों के मुताबिक शत–प्रतिशत साक्षरता का मानक देश की 90 फीसदी आबादी का साक्षर होना है। 2011 की जनगणना के ही मुताबिक भारत की जनसंख्या 121 करोड़ है। मौजूदा आंकड़ों के ही मुताबिक 89 करोड़ 54 लाख लोग ही साक्षर हैं। यानी अभी 19 करोड़ 36 लाख लोगों को साक्षर बनाया जाना है। भारत जैसे देश में जहां अभी–भी जनसंख्या की विकास दर 12.81 फीसदी सालाना है। जाहिर है कि भारत को इस मोर्चे पर काफी काम करना है। भारत की आज की 74 फीसदी की साक्षरता दर भले ही कम लगती हो, लेकिन अगर आजादी के बाद के आंकड़ों से इसकी तुलना करते हैं तो ये आंकड़े कामयाबी की लंबी कहानी को बयान करते हैं। आजादी के बाद भारत की साक्षरता दर महज 12 फीसदी थी। जाहिर है कि इसमें मीडिया की एक बड़ी भूमिका रही है।

1.6 निश्कर्श

मीडिया जब साक्षरता में बढ़ोत्तरी करने में भूमिका निभाता है तो वह सिर्फ देश या समाज का ही भला नहीं कर रहा होता है, बल्कि वह अपने लिए नए शिक्षित और साक्षर लक्षित समूह भी तैयार कर रहा होता है। 1 अप्रैल 2010 से शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकारों की श्रेणी में जोड़ा जा चुका है। वैसे 2010 के एक अनुमान के मुताबिक भारत में करीब 22 करोड़ बच्चे और किशोर स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जबकि डेढ़ से पौने दो करोड़ उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन शिक्षा का अधिकार लागू होने के बाद जाहिर है कि इस संख्या में और इजाफा होना है। 2009 में आई शोध एजेंसी प्राइसवाटर हाउस कूपर रिपोर्ट के मुताबिक 2008 में भारत में प्रिंट मीडिया उद्योग करीब 140.7 बिलियन डॉलर का था। 2009 में बढ़कर यह उद्योग 146.4 बिलियन डॉलर हो गया। यानी पिछले साल की तुलना में करीब चार फीसद की बढ़त दर्ज की गई। कूपर ने जब ये रिपोर्ट जारी की थी, तब आर्थिक मंदी शुरू नहीं हुई थी। इसी तरह कूपर ने 2010 में यहां के प्रिंट माध्यम का बिजनेस 154.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान लगाया था। यानी पांच दशमलव आठ फीसदी की बढ़त होनी है।

इसी तरह 2011 में इस उद्योग के 166.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने अनुमान था। यानी साढ़े सात फीसदी की बढ़ोत्तरी। जो लगभग ऐसा ही रहा। इसी तरह 2012 में सात फीसद की बढ़त के साथ 178.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान था। इस एजेंसी के मुताबिक 2013 में भारतीय समाचार पत्र उद्योग का कारोबार 184.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया है यानी करीब तीन दशमलव सात फीसदी की बढ़त। 2008 से 2013 के बीच की ये बढ़त प्राइसवाटर हाउस कूपर के मुताबिक पांच दशमलव छह फीसदी बैठती है। यह तो सिर्फ प्रिंट माध्यमों को लेकर प्राइसवाटर हाउस कूपर का अनुमान है। इसी अंदाज में दृश्य यानी टेलीविजन और श्रव्य यानी रेडियो का भी विकास होना है। जाहिर है कि मीडिया की कोशिशें कम से कम भारत जैसे देश में उसके लिए ही बड़े लक्षित समूह के तौर पर फायदेमंद होती जा रही है।

भारत में अंग्रेजी मीडिया इस जरूरत को ध्यान में रखकर स्कूली बच्चों को ही अखबार से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। हिंदुस्तान टाइम्स का 'एचटी नेक्स्ट' और टाइम्स ऑफ इंडिया का 'स्कूल टाइम्स' ऐसी ही कोशिशें हैं। द हिंदू समूह अभी तक यंग वर्ल्ड सप्लीमेंट के ही जरिए नए पाठकों को जोड़ रहा है। मलयाला मनोरमा समूह का मैजिक वर्ल्ड भी स्कूली छात्रों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिशों का ही नतीजा है। मनोरंजन मीडिया में कार्टून नेटवर्क, हंगामा टीवी जैसे चैनल हैं, जो खास बच्चों के लिए हैं। इस दौर में प्रतियोगिता पत्रिकाओं की बाढ़ और अखबारी सप्लीमेंट में उनकी कमी पूरी करने की कोशिशें भी तेज हो गई हैं। जाहिर है कि नए और युवा होते पाठकों को जोड़ने की कोशिशें और उनकी मानसिक और सामाजिक जरूरतों के मुताबिक सूचनाएं मुहैया कराने का दौर जारी है। टेलीविजन चैनल और एफएम रेडियो अब प्रतियोगिताओं की तैयारी और सूचनाओं की जानकारी देने वाले कार्यक्रम बनाने और प्रसारित कर रहे हैं। लेकिन अभी इस मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। वैसे सूचना क्रांति के दौर में मीडिया ने ज्ञान की सभी परंपराओं को पछाड़ते हुए समाज की शिक्षा को नई दिशा दी है।

समाचार, दृश्य और विश्लेषण की त्रि–आयामी जकड़ ने आज आदमी को देश और दुनिया की गतिविधियों को जानने के लिए प्रेरित किया है। फिर बेशुमार पैसे की आवक भी बढी है। जिसके चलते मीडिया में फैशन, ब्यूटी, अपराध, हत्याओं की खबरें बढ़ती गई हैं। जिसका असर नई पीढ़ी पर दिखाई पड़ रहा है। इसे लेकर दुनिया में शोध और अध्ययन जारी हो रहे हैं। इसी के चलते विचारक और नीति निर्देशक मीडिया साक्षरता को पाठ्यक्रम का आवश्यक अंग मानने लगे हैं। उनका मानना है कि छात्रों को शुरू से ही यह पता होना चाहिए कि समाज और संस्कृति की चेतना में मीडिया की क्या भूमिका है। भारत के लिए भले ही यह नई अवधारणा हो, लेकिन दुनिया के कई हिस्सों, खासकर विकसित राष्ट्रों में कई साल से इसको लेकर चिंतन और अध्ययन हो रहे हैं। भारत में इसे लेकर एनसीईआरटी ने भी अध्ययन शुरू किया है।

REFERENCES

1. राज समाज और शिक्षा– कृष्ण कुमार 2. हिंदी पत्रकारिता विविध आयाम– वेद प्रताप वैदिक 3. शिक्षा और विकास के सामाजिक आयाम– मूनिस रज़ा 4. उत्पीड़ितों का शिक्षा शास्त्र– पॉओलो फ्रेरे 5. आदिवासी समाज और शिक्षा– रामशरण जोशी 6. शिक्षा, संस्कृति और लोकतंत्र दृ नरिंदर सिंह 7. ग्रहणशील मन– मारिया मांटेसरी 8. बच्चे असफल क्यों होते हैं– जॉन होल्ट।



Sara Publishing Academy

GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

Multi-Subject Journal

Editor,

GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

3, SUHANA, Nr. Ruby Apartment,
B/h NID, Rajnagar Circle, Paldi, Ahmedabad - 380007

Printed at Unique Offset, Novatsing Rupam Estate, Opp. Abhay Estate, Tavdipura, Shahibaug, Ahmedabad

Designed By : AdVoice Inc. +91 9824484447